e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024..........13088

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक :– 31.07.24

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के शिविर टैगिंग, ग्राम सभा कैलेण्डर इत्यादि के संबंध में दिनांक–02.08.2024 एवं 03.08.2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में होने वाली बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि दिनांक–25.07.2024 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निदेश के अनुरूप विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य सभी जिलों में प्रारंभ करने के लिए नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की शिविरवार सम्बद्धता, जिलास्तरीय उद्घोषणा, ग्राम अभिलेखों का संधारण एवं ग्राम सभा का तिथिवार कैलेण्डर के संबंध में दिनांक–02.08.2024 एवं 03.08.2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला स्तर से की जाने वाली नवनियोजित कर्मियों के शिविरवार टैगिंग की समीक्षा की जाएगी एवं जिन जिलों द्वारा टैगिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, उन्हें भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आई0टी0 सेल द्वारा आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए टैगिंग के कार्य को पूर्ण किया जाएगा। इस बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं बन्दोबस्त कार्यालय में पदस्थापित दो कम्प्यूटर ऑपरेटर भाग लेंगे।

बैठक में पूर्व से समीक्षा के लिए निर्धारित बिन्दुओं के आलोक प्रगति प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए संलग्न किये गये प्रपत्र में अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उँपलब्ध कराये जाने के साथ–साथ प्रत्येक जिले अंतर्गत गठित होने वाले विशेष सर्वेक्षण शिविर का पूर्ण पता संधारित कर बैठक में उपस्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अंचलवार, ग्रामों में की जाने वाली ग्राम सभा की विस्तृत विवरणी तिथिवार, ग्रामवार संधारित कर बैठक में साथ लाना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक के लिए जिलावार तिथि एवं कार्यक्रम निम्नवत है:–

क्र0 सं0	जिला का नाम	बैठक की तिथि	बैठक के लिए निर्धारित विषय
1.	1. पटना 2. बक्सर 3. भोजपुर 4. भभूआ 5. गया 6. नवादा 7. वैशाली 8. औरंगबाद 9 मुजफ्फरपुर	02.08.2024	• जिला स्तर से नवनियोजित कर्मियों की शिविरवार एवं ग्रामवार टैगिंग की समीक्षा। • जिन जिलों द्वारा शिविरवार एवं ग्रामवार टैगिंग नहीं की गई है, उनमें शिविरवार एवं ग्रामवार टैगिंग का कार्य।
2.	1. नालंदा 2. अरवल, 3. जहानाबाद 4. शेखपुरा 5. लखीसराय 6. बेगूसराय 7. खगड़िया 8. शिवहर 9 सीतामढ़ी 10. प0 चम्पारण		

3.	1. रोहतास 2. समस्तीपुर 3. मधुबनी 4. दरभंगा 5. छपरा 6. सिवान 7. गोपालगंज 8. भागलपुर 9. पू0 चम्पारण	03.08.2024	• जिला स्तर से प्रपत्र–1 में की गई ग्रामवार उद्घोषणा की समीक्षा। • ग्राम सभा के लिए ग्रामवार, तिथिवार बनाये गये कैलेण्डर की समीक्षा। • ग्रामवार संधारित किये जाने वाले ग्राम अभिलेख।
4.	1. कटिहार 2. किशनगंज 3. पूर्णियाँ 4. अररिया 5. बांका 6. जमुई 7. मुंगेर 8. सुपौल 9. सहरसा 10. मधेपुरा		

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर जिलास्तरीय प्रतिवेदन के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

31/7/24

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 13088 **पटना, दिनांक** 31.07.24

प्रतिलिपि : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 31/7/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 13088 **पटना, दिनांक** 31.07.24

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को बैठक चाय, पानी एवं खान–पान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

निदेशक 31/7/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 13088 **पटना, दिनांक** 31.07.24

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 31/7/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 13088 **पटना, दिनांक** 31.07.24

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 31/7/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप